बिहार के अभय कुमार का तीसरी बार गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज

चर्चा में क्यों?

6 दिसंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार बिहार के वैशाली ज़िले में देसरी प्रखंड के गाजीपुर निवासी अभय कुमार ने अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ते हुए तीसरी बार अपना नाम गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवाया है।

प्रमुख बिंदु

- रिकॉर्ड की सफलता के बाद गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने अभय कुमार को सर्टिफिकेट प्रदान किया। इसके अलावा उन्हें गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड न्यूज के लिये भी चुना गया।
- इसके लिये उन्होंने कंप्यूटर द्वारा रेंडमाइज किये हुए 10 हज़ार वर्षों के 19 कैलेंडर तिथियों का जवाब 1 मिनट में देकर अपने द्वारा ही बनाए गए 1 मिनट में 10 हज़ार वर्षों के 16 कैलेंडर तिथियों के जवाब देने का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया।
- इससे पहले भी अभय कुमार ने विभिन्न 91 देशों के पासपोर्ट को 1 मिनट में पहचान कर रिकॉर्ड बनाया है।
- अभय छात्रों के मेमोरी पॉवर 'स्मृति सुधार' को बढ़ाने तथा विषयों के तथ्यों को कम समय पर याद करने एवं ज्यादा समय तक याद रख पाने के लिये विशेष तकनीकों को ऐप-एस्पिरंट जेट एवं एस्पिरंट जेट डॉट कॉम वेबसाइट के माध्यम से कक्षा-5 से विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को प्रशिक्षण देते हैं।
- अभय कुमार स्कूल-कॉलेजों के आमंत्रण पर सेमिनार में भाग भी लेते हैं। अभय के मुताबिक उनका लक्ष्य है, 2030 तक सभी माध्यमों से 10 लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षित मेमोरी और पढ़ाई तकनीक में प्रशिक्षण प्रदान करना है।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-s-abhay-kumar-registered-in-guinness-world-records-for-the-3rd-time